दैनिक भारत कि

# तामीर

संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com
Editor in chief- Qazi makhdoom shafiuddin

बीड (महाराष्ट्र) | वर्ष-१ ला | अंक-२९५ वा | सोमवार २६ मे २०२५ | RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 | किमत : २ रूपये | पन्ने - ४

# भारत बना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की ऐतिहासिक आर्थिक प्रगति-उपमुख्यमंत्री अजित पवार

**मुंबई, २५ मई: संवाददाता**
**भारत की अर्थव्यवस्था ४ ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक पहुँच चुकी है और हमारा देश अब विश्व की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गया है। यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व और खुशी का विषय है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व और निरंतर लिए गए ठोस निर्णयों का परिणाम है। विकसित भारत २०४७' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महाराष्ट्र पूरी तरह तैयार है। इस ऐतिहासिक सफलता पर मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को हार्दिक बधाई देता हूं, ऐसा वक्तव्य महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री अजित पवार ने दिया।**

## अजित पवार ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को दी बधाई

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने संदेश में कहा कि नीति आयोग की बैठक के बाद आयोग के सीईओ बी. वी. आर. सुब्रह्मण्यम द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया है। अब हमारे आगे केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी हैं। यह सिर्फ आंकड़ों की छलांग नहीं है, बल्कि यह सशक्त नीतियों, प्रभावी नेतृत्व और ठोस क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

भारत को प्राप्त युवा जनसंख्या, नीति आयोग जैसे संस्थाओं का मार्गदर्शन, तथा राज्य और केंद्र सरकार के बीच प्रभावी समन्वय के कारण आने वाले ढाई से तीन वर्षों में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से दीर्घकालिक विकास विजन दस्तावेज़ तैयार करने का आह्वान किया है, जिसे महाराष्ट्र ने सकारात्मक रूप से स्वीकार किया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र २०४७' नाम से तीन चरणों में विजन दस्तावेज़ तैयार किया है।




सरकार ने १०० दिनों के सुशासन, नागरिक-केंद्रित उपाय और उत्तरदायित्व जैसे सूत्रों पर आधारित कार्यक्रम प्रारंभ किया है, जिसमें विभिन्न विभागों ने ७०० से अधिक लक्ष्य पूरे किए हैं। अब डेढ़ सौ दिनों का नया कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसमें २०४७ के दीर्घकालिक, २०३५ के मध्यकालिक, और २०२९ तक के अल्पकालिक ५ वर्षीय लक्ष्य तय किए गए हैं। मौजूदा अर्थव्यवस्था को २०३० तक १ ट्रिलियन डॉलर तक ले जाना सरकार का प्रमुख उद्देश्य है।

भारत की आर्थिक प्रगति का श्रेय देश की आम जनता की मेहनत, उद्योग जगत के योगदान और केंद्र सरकार के निर्णायक, प्रभावशाली नेतृत्व को जाता है। यह सफलता हमें अधिक समावेशी, व्यापक और सतत विकास की ओर प्रेरित करती है, ऐसा कहकर उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री सीतारमण को बधाई दी और उनका आभार जताया।

# मालवाहक ट्रक से कुचलकर महिला की दर्दनाक मौत

आष्टी, २५ मई (प्रतिनिधि) - आष्टी शहर में रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की ट्रक से कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना सावळेश्वर ट्रैक्टर्स के सामने उस समय घटी जब महिला अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर अहिल्यानगर की दिशा में जा रही थी।

मृतक महिला की पहचान करिश्मा आयास सैय्यद (उम्र २४ वर्ष, निवासी मुर्शदपुर, आष्टी) के रूप में हुई है। रविवार सुबह करीब १० बजे वह अपने पति आयास सैय्यद (उम्र ३० वर्ष) के साथ दोपहिया वाहन (चक-२० इऊ-५७०१) पर सवार थीं। इस दौरान एक मालवाहक ट्रक (घ--३९-६५७०) की चपेट में आ गईं। ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की जानकारी मिलते ही आष्टी पुलिस थाने के निरीक्षक शरद भुतेकर, अशोक तांबे, बब्रुवान वाणी, सतीश मुंडे, गणेश राऊत और गणेश गीते ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को तत्काल आष्टी ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया। मृतक महिला का शव भी पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया। ट्रक चालक को पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया है। शवविच्छेदन के बाद मृतका का शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में आष्टी पुलिस थाने में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस ने सड़क पर यातायात व्यवस्था भी बहाल कर दी है।

# उद्धव और राज ठाकरे एक साथ आएंगे ही-सांसद संजय राऊत का दावा

## मुंबई को मराठी से छीनने की कोशिश में मोदी-शाह-फडणवीस: संजय राऊत का आरोप

रिपोर्ट: जमीर काज़ी, मुंबई
मुंबई, २६ मई:

शिवसेना (उद्धव गुट) के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय राऊत ने रविवार को दावा किया कि उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे यह केवल चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि दोनों भाई निश्चित रूप से एक साथ आएंगे। उन्होंने कहा कि इस राजनीतिक मेल का परदा उचित समय पर उठाया जाएगा।

राज्य में स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं और मुंबई महानगरपालिका चुनाव मानसून के बाद प्रस्तावित हैं, जिसको लेकर सभी राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पिछले कुछ समय से यह चर्चा जोरों पर है कि बदलते राजनीतिक हालात में उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज ठाकरे की मनसे, खासकर मराठी हितों की रक्षा के लिए, अपने मतभेद भुलाकर एक साथ आ सकते हैं।

इस संबंध में पूछे गए सवाल पर संजय राऊत ने कहा,

इस युति पर सीधी चर्चा राज ठाकरे से होगी। उद्धव ठाकरे ने पहले ही सकारात्मक रुख दिखाया है। महाराष्ट्र की जनता के मन में यदि यह भावना है, तो यह प्रयोग करने में कोई बुराई नहीं है। ठाकरे बंधु अवश्य एक साथ आएंगे। इसका खुलासा सही समय पर होगा।



राऊत ने आगे कहा,

स्थानीय निकाय चुनावों की घोषणा सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हुई है, सरकार की मंशा होती तो इन्हें चार साल और टाल सकती थी। महाविकास आघाड़ी इन चुनावों को एकजुट होकर लड़ने की कोशिश में है। इसके लिए सभी को स्थानीय स्तर पर बैठक कर फैसला लेना चाहिए।

मुंबई पर निशाना साधते हुए राऊत ने आरोप लगाया कि,

मुंबई मराठी मानुष का हृदय है। यहां १०६ मराठी नागरिकों ने बलिदान दिया है। अब नरेंद्र मोदी, अमित शाह और देवेंद्र फडणवीस इस मुंबई को निगलने की कोशिश कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि मुंबई मराठी हाथों में न रहे।

भुजबळ ने अजित पवार का नाम क्यों नहीं लिया?

छगन भुजबळ को लेकर राऊत ने सवाल उठाया कि,

भुजबळ ने कहा कि उन्हें मंत्री पद देने में अमित शाह, नरेंद्र मोदी और देवेंद्र फडणवीस की भूमिका है, लेकिन उन्होंने अजित पवार का नाम नहीं लिया। क्यों? राऊत ने आरोप लगाया कि अजित पवार का चुराया गया पक्ष असल में अमित शाह के नियंत्रण में है, और छगन भुजबळ अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं, भले ही तकनीकी रूप से वे किसी और गुट में हों।

राऊत ने तंज कसते हुए कहा,

भुजबळ अब उसी पार्टी में हैं जिसकी अगुवाई अमित शाह करते हैं - वही अमित शाह जिन्होंने शिवसेना को तोड़ा और अब मुंबई व महाराष्ट्र को तोड़ने की साजिश में लगे हैं। भुजबळ वही नेता हैं जो कभी मराठी मानुष और सीमा विवाद के लिए सड़कों पर उतरते थे।

# मुस्लिम छात्रों के लिए हज कमिटी के माध्यम से UPSC परीक्षा की तैयारी हेतु मुफ्त आवासीय कोचिंग का सुनहरा अवसर-जे.डी. शाह का आह्वान




## योग्य छात्र तुरंत करें ऑनलाइन आवेदन-परीक्षा जुलाई में

बीड, २५ मई (प्रतिनिधि):

राज्य के मुस्लिम समाज के मेधावी छात्रों के लिए आर्थिक बाधाओं के कारण णझडउ और चझडउ जैसी उच्च पदों की परीक्षाओं से वंचित रह जाना एक बड़ी चुनौती रही है। ऐसे में केंद्रीय हज कमिटी द्वारा णझडउ २०२६ के लिए आयोजित निशुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम मुस्लिम विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है। इस संबंध में वरिष्ठ समाजसेवक जे.डी. शाह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए मुस्लिम समाज के योग्य विद्यार्थियों से अपील की है कि वे तत्काल ऑनलाइन आवेदन करें और इस अवसर का लाभ उठाएं।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि वर्तमान में उच्च सरकारी पदों पर मुस्लिम अधिकारियों की संख्या कम होती जा रही है। ऐसे में हज हाउस ऑफ इंडिया, मुंबई के रेसिडेंशियल कोचिंग इंस्टिट्यूट (क्क्ठउख) के माध्यम से यह पहल शुरू की गई है। इस कोचिंग में णझडउ सिविल सेवा परीक्षा २०२६ (प्रारंभिक + मुख्य) के लिए निशुल्क कोचिंग (आवास सुविधा सहित) दी जाएगी।

कोचिंग से संबंधित प्रमुख जानकारी:

कुल सीटें: १००, ८०% सीटें मुस्लिम अल्पसंख्यक उम्मीदवारों के लिए आरक्षित, २०% सीटें डउ/डढ/जइउ उम्मीदवारों के लिए आरक्षित, ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: २१ जून २०२५, प्रवेश परीक्षा (चउट आधारित): पेपर १ (सामान्य अध्ययन): १३ जुलाई २०२५, पेपर २ (उड-ढ): १३ जुलाई २०२५, निबंध लेखन एवं साक्षात्कार: २४-२५ जुलाई २०२५, अंतिम प्रवेश तिथि: ३१ जुलाई २०२५, क्लास आरंभ: ११ अगस्त २०२५, आवेदन प्रक्रिया: ऑनलाइन आवेदन पोर्टल: www.hajcommittee.gov.in, प्रोसेसिंग शुल्क: १००/- (गैर-वापसी योग्य), भुगतान माध्यम: डेबिट/क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, णझख, फोटो व सिग्नेचर अपलोड: पासपोर्ट साइज (२.०ु२.५ इंच), दस्तावेज़: जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (५०० घइ गझऋ फॉर्मेट), पात्रता: शैक्षणिक योग्यता: मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक (या अंतिम वर्ष में), आयु सीमा (१ अगस्त २०२५ तक): न्यूनतम: २१ वर्ष, अधिकतम: ३० वर्ष, चयन प्रक्रिया: दो लिखित परीक्षाएं (प्रत्येक २ घंटे की): पेपर-१: सामान्य अध्ययन (१०० प्रश्न, नेगेटिव मार्किंग ०.६६), पेपर-२: उड-ढ (८० प्रश्न, २०० अंक, नेगेटिव मार्किंग ०.८३), पेपर-२ क्वालिफाइंग होगा, न्यूनतम ३०% आवश्यक, अंतिम मेरिट पेपर-१ के आधार पर बनेगी, साक्षात्कार के लिए सफल उम्मीदवारों को बुलाया जाएगा



अन्य जानकारी: सिक्योरिटी डिपॉज़िट: १५००/- (वापसी योग्य), कोर्स के दौरान कोचिंग छोड़ने पर यह राशि जब्त की जाएगी, प्रवेश परीक्षा २१ केंद्रों पर आयोजित होगी, अधिक जानकारी हेतु संपर्क: फ़ोन: ०२२-२२७१७१४७/४८, ईमेल: hajiasccgmail.com

विशेष सूचना:

प्रवेश परीक्षा की तारीखों में बदलाव की स्थिति में जानकारी हज कमिटी की वेबसाइट पर दी जाएगी।

विज्ञप्ति के अंत में जे.डी. शाह ने कहा कि कई मुस्लिम छात्रों ने इसी कोचिंग से प्रशिक्षण लेकर ख-ड, खझड बनकर न सिर्फ अपने माता-पिता का, बल्कि पूरे समाज का नाम रोशन किया है। बीड़ जिले के मुस्लिम विद्यार्थियों को इस ऐतिहासिक अवसर का अवश्य लाभ उठाना चाहिए।

## उर्दू दैनिक तामीर के २५ वे साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

# शिवसैनिक संगठन को मजबूत करें, आपको ताकत देना मेरी जिम्मेदारी है-मंत्री संजय शिरसाट

## बीड ज़िला शिवसेना की समीक्षा बैठक मंत्री संजय शिरसाट की प्रमुख उपस्थिति में सम्पन्न




बीड, प्रतिनिधि:

शिवसेना में कार्य करते समय कभी जात-पात नहीं देखी जाती, और न ही शिवसैनिक जनता की सेवा करते समय धर्म या वर्ग को आधार बनाते हैं। हिंदुहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे और धर्मवीर आनंद दिघे के विचारों से प्रेरित शिवसैनिक उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की स्वाभिमानी विचारधारा को लेकर जनता के बीच सेवा कार्य कर रहे हैं। इसी भावना के साथ शिवसैनिकों को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र राज्य के सामाजिक न्याय मंत्री तथा शिवसेना नेता संजयजी शिरसाट ने कहा,

आप सिर्फ इंसान को देखें, जाति-धर्म नहीं। संगठन को मजबूत बनाएं, आपको ताकत देने का काम मैं करूंगा।

यह संबोधन उन्होंने २४ मई को बीड शहर के होटल ग्रैंड यशोदा में आयोजित शिवसेना की ज़िला स्तरीय समीक्षा बैठक में किया। बैठक को लेकर शिवसैनिकों में उत्साह का माहौल रहा और इसे बीड ज़िले में शिवसेना के संगठनात्मक मज़बूती का प्रमाण माना गया।

इस अवसर पर ज़िल्हा प्रमुख अनिलदादा जगताप, सचिन मुळूक और स्वप्निल गलधर ने मंत्री संजय शिरसाट का भव्य स्वागत किया। बैठक में उपस्थित मराठवाड़ा विभागीय सचिव अशोकजी पटवर्धन और जिला संपर्कप्रमुख बापूसाहेब मोरे ने आगामी स्थानीय स्वराज्य चुनावों को लेकर मार्गदर्शन किया।

बैठक का प्रास्ताविक नवनियुक्त तालुकाप्रमुख संतोष जाधव ने प्रस्तुत किया, जबकि जिल्हा प्रमुख सचिन मुळूक ने बीड ज़िले का विस्तृत राजनीतिक व संगठनात्मक आढावा रखा।

इस मौके पर मंत्री संजय शिरसाट ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। साथ ही, राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार गुट) की महिला आघाड़ी अध्यक्ष जयश्रीताई वाघमारे और बाळासाहेब खेडकर (तंटामुक्ति अध्यक्ष, खामगांव गेवराई) ने शिवसेना में औपचारिक प्रवेश किया।

बैठक में युवासेना मराठवाड़ा निरीक्षक बाजीराव चव्हाण, विपुल पिंगळे, अविनाश जाधव, सागर बहिर, महिला आघाड़ी संपर्कप्रमुख अलका डावकर, चंद्रकला बांगर, युवासेना प्रमुख रविराज बडे, सुजित शिंदे, गणेश शिराळे, ओबीसी-विजेएनटीसेना प्रमुख मनोज चव्हाण सहित बड़ी संख्या में शिवसेना, महिला आघाड़ी, युवासेना, किसान सेना, कामगार सेना, और अन्य अंगीकृत संगठनों के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारी उपस्थित थे। संचालन प्रतीक कांबळे ने किया।

नवनियुक्त शिवसेना पदाधिकारी (चौकट में): अमोल दिगंबर जाधव - उपजिल्हा प्रमुख, बीड ग्रामीण

संतोष किसनराव जाधव - तालुकाप्रमुख, बीड तालुका

ज्ञानोबा जनार्धन गोंडे - तालुकाप्रमुख, वडवणी

गजानन दामोदर कदम - शहरप्रमुख, बीड

हनुमंत काशिनाथ शिंदे - शहरप्रमुख, वडवणी, सुनील अंकुशराव गवते - जिल्हा सहसंघटक, बीड विधानसभा

केशव बाबुराव घिघे - जिल्हा सहसंघटक, माजलगाव विधानसभा

नारायण आप्पासाहेब शिंदे - उपजिल्हा प्रमुख, गेवराई

उध्दव ज्ञानेश्वर मडके - तालुकाप्रमुख, गेवराई

नवनाथ राजेंद्र गवते - विधानसभा प्रमुख, गेवराई

मुकेश अंकुशराव महाजन - शहरप्रमुख, गेवराई

सुनिल मोटे - शहरसंघटक, गेवराई

इन सभी को मंत्री संजय शिरसाट के हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

# डॉ. ज्योति मेटे के हाथों मजदूरों को सामग्री वितरित

## शिवसंग्राम मजदूरों के मुद्दों को सुलझाने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा-डॉ.ज्योति मेटे

बीड (प्रतिनिधि),

शहर में आज एक मजदूर सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मजदूरों को घरेलू उपयोग की सामग्री का वितरण शिवसंग्राम की अध्यक्ष डॉ. ज्योति विनायकराव मेटे के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. ज्योति मेटे ने कहा कि शिवसंग्राम हमेशा मजदूरों के हित में कार्य करता आया है और आगे भी उनके मुद्दों को सुलझाने के लिए पूरी तत्परता से काम करता रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के मजदूर उपस्थित थे।

महाराष्ट्र भवन एवं अन्य निर्माण मजदूर कल्याण मंडल की ओर से चलाई जा रही योजनाओं को मजदूरों तक पहुँचाने के लिए शिवसंग्राम के युवा नेता सय्यद सलमान के माध्यम से लगातार प्रयास जारी हैं। आज उनके प्रयासों से सैकड़ों मजदूरों को घरेलू उपयोग की सामग्री प्रदान की गई।

### सय्यद सलमान शिवसंग्राम कामगार आघाड़ी के शहराध्यक्ष नियुक्त



डॉ. ज्योति मेटे ने कहा कि लोकनेता विनायकराव मेटे द्वारा शुरू की गई परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शिवसंग्राम निरंतर गरीब, श्रमिक और मेहनतकश वर्ग के लिए काम करता आ रहा है। मजदूरों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक दस्तावेज़ी प्रक्रियाओं में आने वाली अड़चनों को दूर करने हेतु भी शिवसंग्राम निरंतर सहायता कर रहा है। अब तक हजारों मजदूरों और उनके बच्चों को शैक्षणिक छात्रवृत्तियाँ और अन्य लाभ प्राप्त कराए गए हैं।

इस अवसर पर डॉ. ज्योति मेटे ने घोषणा की कि मजदूरों के हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सय्यद सलमान को शिवसंग्राम कामगार आघाड़ी का शहराध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इस मौके पर जिल्हा सरचिटणीस अनिल घुमरे पाटील, शहराध्यक्ष सुहास पाटील, मनोज जाधव, शेख आबेद, शेषेराव तांबे, संगीता ठोसर, शेख लालाभाई, हरिश्चंद्र ठोसर, शैलेश सुरवसे, सय्यद एजाज (मुन्नाभाई), आरिफ अली, कौसर शेख, रेहान खान, अरबाज़ अली, समीर अली, मुहम्मद अज़र, यूनुस शेख, जावेद खान, संगीता वाडमारे, काजल वाडमारे, अरबाज़ बागवान, एजाज शेख, खय्युम शेख, शेख सलीम, मकसूद भाई, शेख असलम, यासिर अहमद, मुस्तफा खान, इमरान सय्यद, शेख आरशद आदि सैकड़ों मजदूर बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सय्यद सलमान बने शिवसंग्राम कामगार आघाड़ी के शहराध्यक्ष

शिवसंग्राम के माध्यम से पिछले कई वर्षों से मजदूरों के मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य करने वाले जुझारू युवा नेता सय्यद सलमान को आज हुए मजदूर सम्मेलन में शिवसंग्राम कामगार आघाड़ी का शहराध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सय्यद सलमान ने कहा कि आने वाले समय में शिवसंग्राम के जरिए ज़रूरतमंद मजदूरों को न्याय दिलाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

# खरीफ २०२५ के लिए महाबीज द्वारा ढाई लाख क्विंटल बीजों की आपूर्ति

## क्यूआर कोड युक्त बीजों के लिए महाडीबीटी पोर्टल पर करें आवेदन

मुंबई से जमीर क़ाज़ी की रिपोर्ट

मुंबई, विशेष प्रतिनिधि:

**खरीफ हंगाम २०२५ के लिए महाराष्ट्र राज्य बीज महामंडल (महाबीज) द्वारा इस वर्ष ढाई लाख क्विंटल प्रमाणित बीजों की आपूर्ति की जा रही है। यह बीज साथी पोर्टल की प्रणाली से युक्त क्यूआर कोड के साथ किसानों को अनुदानित दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में किसानों से आग्रह किया गया है कि वे महाडीबीटी पोर्टल पर आवेदन कर इस योजना का लाभ उठाएं।**

महाबीज के सभी प्रमाणित बीज केंद्र सरकार के साथी पोर्टल पर पंजीकृत होंगे और हर बीज की बोरी पर ठठ कोड होगा। इस क्यूआर कोड को स्कैन करने पर किसान यह जानकारी प्राप्त कर सकेंगे कि बीज के लिए उपयोग में लाया गया स्रोत बीज कहाँ से प्राप्त हुआ, इसका उत्पादन और प्रक्रिया कहाँ हुई, और उसका प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्ट क्या है।

राज्य स्तरीय खरीफ २०२५ पूर्व बैठक में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बीज पारदर्शिता और गुणवत्ता नियंत्रण में साथी पोर्टल की भूमिका को अहम बताया। इस वर्ष मानसून के जल्द आगमन की संभावना को ध्यान में रखते हुए महाबीज ने बीज आपूर्ति की योजना पहले से शुरू कर दी है। कुछ विशेष किस्मों की बढ़ी हुई मांग को देखते हुए भी अतिरिक्त आपूर्ति के प्रयास जारी हैं।

महाबीज द्वारा कुल २.५ लाख क्विंटल बीजों में से ७१,००० क्विंटल बीज विश्वविद्यालयों द्वारा विकसित नई किस्मों के होंगे। इसके अलावा, केंद्र व राज्य सरकार की कृषि योजनाओं के अंतर्गत भी महाबीज बीज आपूर्ति कर रहा है।

राष्ट्रीय खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अभियान के अंतर्गत विभिन्न फसलों के नवीन बीज इस प्रकार अनुदानित दरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं:

तूर (अरहर): १३० प्रति किलो

मूँग: १४० प्रति किलो

उड़द: १३५ प्रति किलो

धान (चावल): ३०-४० प्रति किलो (प्रकार के अनुसार)

हाइब्रिड बाजरा: १५० प्रति किलो

सुधारित बाजरा: ७० प्रति किलो

नाचणी: १०० प्रति किलो

इसके अतिरिक्त, किसानों को बीज और कृषि संबंधित जानकारी देने के लिए ग्राम स्तर पर किसान कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं, जिनमें नवीन बीज, जैविक खाद, व फफूंदनाशकों की जानकारी दी जा रही है।

सोशल मीडिया के प्रभाव को देखते हुए महाबीज ने महाबीज वार्ता नामक अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया है, जिसमें राज्यभर के किसानों के अनुभव, बीजों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी और तकनीकी विषयों पर वीडियो साझा किए जा रहे हैं। किसान youtube.com/महाबीजवार्ता पर जाकर गुणवत्तापूर्ण बीजों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# अनम ज़फ़र UGC-NET-JRF परीक्षा में ऑल इंडिया टॉपर

## बीजेपी नेता मीर फिरासत अली बक़री ने दी बधाई

हैदराबाद, २४ मई (प्रेस नोट):

बीजेपी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता और वरिष्ठ नेता मीर फिरासत अली बक़री ने मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी (मानू) की छात्रा अनम ज़फ़र से मुलाकात की और उन्हें णऋछ-छएढ-गठऋ परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक १ प्राप्त करने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



अनम ज़फ़र, जो म'ऩ्ऋ में एम.एड. चौथे सेमेस्टर की छात्रा हैं और बिहार से ताल्लुक रखती हैं, ने इस शैक्षणिक सफलता के ज़रिए न केवल विश्वविद्यालय का बल्कि पूरे उर्दू समाज का नाम रौशन किया है।

मीर फिरासत अली बक़री ने इस अवसर पर कहा,

यह गर्व की बात है कि अनम ज़फ़र ने मेहनत और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है। यह उनकी लगन का परिणाम है और उनके परिवार के लिए भी गर्व का क्षण है।

इस मौके पर डॉ. मोहम्मद मुस्तफा अली सरवरी भी मौजूद थे, जिन्होंने अनम ज़फ़र की मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# 'हमारी सदा ट्रस्ट' के क्रिएटिव समर कैंप का समापन, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को मिला सम्मान

नई दिल्ली, २५ मई संवाददाता) - दिल्ली के मदनपुर खादर स्थित हमारी सदा ट्रस्ट' द्वारा आयोजित छह दिवसीय मल्टीमीडिया और क्रिएटिव फन एक्टिविटीज समर कैंप का रविवार को समापन हुआ। अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, ट्रॉफी, कॉफी मग और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथियों ने बच्चों को किया सम्मानित

समापन सत्र के मुख्य अतिथि शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के एआईसीयू एडमिन मरगूबुर रहमान क़ासमी, डखज दिल्ली के जोनल सेक्रेटरी सैयद उमैर अफज़ल, सत्यम स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के डीन प्रो. मनव्वर आलम और एडुफैम सर्विस (यूएई) की संस्थापक डॉ. हलीमा सादिया रहीं। हमारी सदा ट्रस्ट' के फाउंडर मोहम्मद इरशाद आलम ने सभी अतिथियों का सम्मान किया।

ढीरलज्ञळशी के को-फाउंडर फैज़ान अय्यूबी और शाहीन एकेडमी के डायरेक्टर मोहम्मद फैसल कमाल फलाही कार्यक्रम में नहीं आ सके लेकिन उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं भेजीं।

मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित हुए छात्र

सुबह ११ बजे से शुरू हुए कैंप सत्र में डखज दिल्ली न-उ के सचिव मोहम्मद अल्फाज और सचिव साद इनाम ने बच्चों के नामों की घोषणा की। इन बच्चों को मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान किए गए: आलिया, अनम, आतिफा, नावेद, आसिफ, लव, कुणाल, आफिया, अंजली, आयत, इलमा, पीयूष, नायरा, हाजरा, नीती, हिफ़ज़ा, गुलनाज, अनाया, आहिल, फरहीन और अहद्।

पूरे कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र

आतिफा, अनस, ज़ारा, कृष्णा, शाहिदा, अंजली, जोहा और हामिद ने पूरे कैंप के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

आज तक' के पत्रकार साक़िब मज़ीद ने लिया विशेष सत्र

मल्टीमीडिया समर कैंप के अंतिम दिन आज तक' के पत्रकार साक़िब मज़ीद ने सोशल मीडिया की उपयोगिता और सतर्कता पर विशेष सत्र लिया। उन्होंने सोशल मीडिया के लाभ, हानि और इसके रचनात्मक उपयोग पर बच्चों को मार्गदर्शन दिया। साथ ही उन्होंने बच्चों को अंतरराष्ट्रीय लेखकों और मनोवैज्ञानिकों की सोच से भी परिचित कराया।

जोहा को मिला प्रथम पुरस्कार

बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जोहा को प्रथम पुरस्कार (गोल्ड मेडल), नाज़िया को द्वितीय (सिल्वर) और ज़ैनब को तृतीय पुरस्कार (ब्रॉन्ज) के रूप में मेडल और मोमेंटो दिए गए।

अन्य सम्मानित विद्यार्थी

सीरत परवीन, महविश फातिमा, एहसान, इंशा कुलसुम, जानवी, राजीव दास, साइमा, फज़ान खान, आला रुमान, जीनत, शोएब, नूरी, अब्दुर रहमान और रोशनी को भी पुरस्कार स्वरूप मेडल, कॉफी मग और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

समर कैंप में क्या-क्या सिखाया गया?

हमारी सदा ट्रस्ट' के राइजिंग स्किल डेवलपमेंट सेंटर (ठडऊ) में आयोजित इस कैंप में कक्षा १ से ९ तक के बच्चों को आर्ट, क्राफ्ट, स्टोरी टेलिंग, जबकि १०वीं से ग्रेजुएशन के विद्यार्थियों को एंकरिंग, रिपोर्टिंग, फोटोग्राफी और सिनेमेटोग्राफी का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में छात्रों के साथ उनके अभिभावकों की उपस्थिति ने समापन समारोह को और भी खास बना दिया।

दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटरर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com
daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharash-tra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com